# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली
## पीठासीन अधिकारी:: श्री नमित मेहता, आई.ए.एस

विविध :: 146/2022

जीसीएमएस नम्बर :: 2022/514

| प्रार्थी :– | बनाम | अप्रार्थीगण :– |
|---|---|---|
| "मणिभवनम होम फाइनेन्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड | | 1. श्री दिनेश बंजारा पुत्र स्व. श्री ज्ञान राम, प्लॉट संख्या 170, एवं प्लॉट संख्या 171, खसरा संख्या 338/26, खेतेश्वर नगर, रोहट, पाली राजस्थान<br>अन्य पता – न्यू माजीसा नमकीन भण्डार, न्यू बस स्टेण्ड, रोहट पाली राजस्थान<br>2. श्रीमती मुनकी, प्लॉट संख्या 170 एवं प्लॉट संख्या 171, खसरा संख्या 338/26, खेतेश्वर नगर, रोहट, पाली राजस्थान<br>अन्य पता – न्यू माजीसा नमकीन भण्डार, न्यू बस स्टेण्ड, रोहट, पाली राजस्थान |

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002

दिनांक:– 08/02/2023

1.. यत प्राधिकृत अधिकारी, **मणिभवनम होम फाइनेन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये जरिये अधिवक्ता श्री चन्दन सिंह राठौड़ **ने श्री दिनेश बंजारा पुत्र स्व. श्री ज्ञान राम व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा **दिनांक 24.07.2018** को **05,00,000/– (अक्षरे पाँच लाख रूपये)** का ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

> प्लॉट संख्या 170, खसरा संख्या 338/26, खेतेश्वर नगर, रोहट, पाली कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट जिसकी सीमाएं उत्तर में भू–खण्ड संख्या 170 का शेष भाग पिण्टु के हक का, दक्षिण में इसी भू–खण्ड का शेष भाग रमेश के हक का, पूर्व में अन्य भू–खण्ड व पश्चिम में आम रास्ता 30 फीट अवस्थित है।

3. चूंकि ऋणी फलस्वरूप अप्रार्थी **श्री दिनेश बंजारा पुत्र स्व. श्री ज्ञान राम व अन्य** के द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को दिनांक **10.04.2022** को एन.पी.ए. (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

4. फलस्वरूप अप्रार्थी **श्री दिनेश बंजारा पुत्र स्व. श्री ज्ञान राम व अन्य** ऋणी एवं इसके समस्त जमानतियों के द्वारा SARFAESI Act की के तहत ऋण राशि मय ब्याज **07,02,023/–(अक्षरे सात लाख दो हजार तेईस रूपये)** दिनांक **04.04.2022** तक ब्याज शामिल करते हुए भुगतान हेतु बकाया है। SARFAESI Act की धारा 13(2) के

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

